>

Title: Need to provide sufficient funds to solve the drinking water problem in Fatehpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री राकेश सचान (फतेहपुर):** मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर (उ0 प्र0) में स्वच्छ पेयजल की समस्या दिन प्रतिदिन दयनीय स्थिति की ओर बढ़ती जा रही है। फतेहपुर शहर व देहात दोनों ही क्षेत्रों में भूजल का स्तर भी काफी नीचे गिर गया है जिससे ग्राम चौहट्टा(ब्लाक भिढोरा) ग्राम केशरीपुर (भैसोली) ब्लॉक देवभई के ग्रामों में भूमिगत पेयजल दूषित हो गया है और हैंडपम्पों का पानी भी सूख सा गया है। क्षेत्र में बरसात के भी कम होने के कारण पेयजल की समस्या और जटिल हो गई है। इन हैंडपम्पों को पुनः बोरिंग करने की भी आवश्यकता है। फतेहपुर शहर व देहात दोनों क्षेत्रों में और शासन द्वारा मात्र 4000 हैंडपम्पों का लगाया जाना भी अत्यंत आवश्यक हो गया है जिससे पेयजल की बढ़ती समस्या को दूर किया जा सके। अतः मेरी केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग है कि वह फतेहपुर जनपद के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए अत्यधिक धनराशि उपलब्ध कराये जिससे फतेहपुर क्षेत्र में अत्यधिक हैंडपम्पों को लगा कर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।